मेरा सांवरा प्रेम करता सभी से

मेरा सांवरा प्रेम करता सभी से,
सभी कर्म समझे, सभी लेख देखें, वाक़िफ़ सभी से,
मेरा सांवरा प्रेम करता सभी से॥

जुबा से ना बोले मगर सबको तोले,
राज किसी का किसी पे ना खोलें,
जुबा से ना बोले मगर सबको तोले,
राज किसी का किसी पे ना खोलें,
जैसा जो करता वैसा वो भरता,
सुना है गुणी से
मेरा सांवरा प्रेम करता सभी से॥

अहम ना सुहाय भरम यह मिटाए,
भक्तों पे अपनी दया बरसाए,
अहम ना सुहाएँ भरम यह मिटाए
भक्तों पे अपनी दया बरसाए
दिलदार ऐसा करतार ऐसा,
देखा कहीं पे,
मेरा साँवरा प्रेम करता सभी से॥

नंदू समझ ले बदी से निकल ले,
प्रेम के पथ पर गुजर ले विचर ले,
नंदू समझ ले बदी से निकल ले,
प्रेम के पथ पर गुजर ले विचर ले,
हर पल रिझाना, कभी ना भुलाना,
बाबा को दिल से,
मेरा सांवरा प्रेम करता सभी से,
सभी कर्म समझे, सभी लेख देखें, वाक़िफ़ सभी से,
मेरा सांवरा प्रेम करता सभी से.......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23649/title/mera-sanwara-prem-karta-sabhi-se

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |